PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



● इवेंट में शामिल हुए पार्टिसिपेंट्स.

# यूपीईएस में हार्ड-वार 3.0 इवेंट का ग्रैंड फिनाले हुआ ऑर्गेनाइज्ड

## पार्टिसिपेंट्स को रियल वर्ल्ड की प्रॉब्लम्स का मिलेगा सॉल्यूशन

dehradun@inext.co.in

**DEHRADUN (25 Sep):** यूपीईएस स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस ने अपने सिग्नेचर इवेंट हार्ड -वार 3.0 के ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया. इस इंटरनेशनल हार्डवेयर हैकथॉन का मकसद पार्टिसिपेंट्स को रियल वर्ल्ड की प्रॉब्लम का सॉल्यूशन देने के लिए एक मंच देना था. इस बार की थीम आईओटिविटी के तहत आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) को अलग-अलग फील्ड में इस्तेमाल कर सॉल्यूशंस ढूंढने पर फोकस किया गया. हैकथॉन का आयोजन तीन स्टेज में हुआ. पहले आइडिएशन राउंड में पार्टिसिपेंट्स ने अपने आइडियाज ऑनलाइन प्रेजेंट किए. इसके बाद एग्जीक्यूशन राउंड में सॉल्यूशंस पर काम हुआ और आखिर में ग्रैंड फिनाले हुआ. पार्टिसिपेंट्स ने एग्रीकल्चर, हेल्थ , स्मार्ट सिटी, ऑटोमोबाइल, डिफेंस, होम ऑटोमेशन और कई दूसरे सेक्टर्स के लिए इनोवेटिव हार्डवेयर प्रोटोटाइप्स बनाए.

### इवेंट में शामिल हुए एक्सपर्ट

इस इवेंट में चीफ गेस्ट के तौर पर कुलदीपक शर्मा, एसोसिएट वाइस प्रेसीडेंट, अमरराजा एनर्जी एंड मोबिलिटी लिमिटेड मौजूद थे. जूरी में कई इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स और प्रोफेसर्स जैसे प्रदीप्तो चक्रवर्ती, डॉ. भूपेंद्र सिंह भाटी और डॉ. मुथुकुमार शामिल थे. यूपीईएस स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस के डीन, डॉ. विजयशेखर वेलायुधन ने कहा, इतनी एनर्जेटिक और इनोवेटिव सोच वाली टीमों को देखकर काफी मोटिवेशन मिली. यह आयोजन दिखाता है कि कैसे इनोवेशन और सपोर्ट से फ्यूचर के लीडर्स तैयार किए जा सकते हैं.

### विनर टीम्स का इनोवेशन

फिनाले में देशभर की टीमों ने अपने हार्डवेयर सॉल्यूशंस जूरी और ऑडियंस के सामने पेश किए. जिसमें विनर टीम कोड कैटेलिस्ट (महाराजा सूरजमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली) ने होम ऑटोमेशन के लिए हार्डवेयर सॉल्यूशन दिया और 1 लाख रुपए का ईनाम जीता. फर्स्ट रनर अप घोस्टवॉकर्स (राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बांदा) ने एग्रीकल्चर के लिए हार्डवेयर सॉल्यूशन बनाया और 75,000 रु का इनाम पाया. दूसरे रनर अप नैक्सेस यूपीईएस दून ने भी एग्रीकल्चर के लिए इनोवेशन पेश किया और 50,000 रु जीता.